an>

Title: Need to expedite the infrastructure development for setting up of campus of Indian Institute of Information Technology in Kota, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान राजस्थान के कोटा शहर के जनमानस की भावना से जुड़े विÂाय की ओर आकृÂट करना चाहता हूं। वÂाऩ 2008 में केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान में आई.आई.टी. संस्थान खोलने हेतु पूस्ताव मांगा गया था। उक्त संस्थान के चयन हेतु राज्य सरकार ने कोटा का नाम पूस्तावित किया था किंतु राज्य में शासन बदलते ही कोटा के हक के आई.आई.टी. को जोधपुर में स्थानान्तरित कर दिया गया। राज्य सरकार ने बाद में कोटा शहर में वÂाऩ 2010 में इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की स्थापना की घोÂाणा की। अपनी स्थापना की घोÂाणा के 5 वÂाों बाद तक भी अभी तक कोटा में उक्त संस्थान हेतु भवन व अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये जा सके जिसे चलते उक्त संस्थान को कोटा के बजाय जयपुर में संचालित करना पड़ रहा है। ट्रिपल आई.टी. के निर्माण की मंथर गति इसी तथ्य से इंगित हो जाती है कि 5 साल में निर्माण हेतु मास्टर प्लान तक नहीं बनाया जा सका है।

अत: सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि भविÂय में यदि राज्य में नए आई.आई.टी. एम्स, आई.आई.एम. जैसे राÂट्रीय संस्थानों में से कोई स्थापित करने की योजना हो तो कोटा को उसमें शामिल किया जाए एवं वर्तमान में धीमी गति से निर्माणाधीन ट्रिपल आई.टी. के कैंपस निर्माण के कार्य को शीघ्रता से संपन्न कराया जाए।